हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार, 13 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 14.2 डिग्री
न्यूनतम 2.6 डिग्री

12 बाजारों से होकर निकलेगी भव्य श्री राम यात्रा



12 टंगैल नंदीशाला में चारे का संकट



## खबर संक्षेप

### अंबाला में 35 वाहनों के चालान किए गए

**अंबाला।** सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी चालकों द्वारा अचानक प्रतिबंधित लेन में वाहन चलाने पर पुलिस की ओर से निरंतर कार्रवाई की जा रही है। एसपी की ओर से ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ ठोस कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। शुक्रवार को ऐसे 35 वाहनों के चालान किए। अब तक बीते 605 दिनों में 29729 भारी वाहनों के चालान किए जा चुके हैं।

### कबूतरबाजी के आरोप में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में पुलिस ने आरोपी लखविंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। अब उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। लाहा गांव के बलजीत सिंह ने 27 मार्च 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 26 अगस्त से 1 नवंबर 2021 के दौरान आरोपी लखविंद्र सिह व अन्य ने उसके पुत्र को विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### महिला से जेवर और नकदी छीनी

**पानीपत।** पानीपत के गांव जलमान निवासी सुदेश की गांव में शिव क्लाथ हाउस नाम से दुकान है। वहीं सुदेश अपनी दुकान पर बैठी थी, इस दौरान दो युवक बाइक पर सवार होकर उसके पास आए, एक बाइक स्टार्ट किए ही खडा रहा, जबकि दूसरा सुदेश के पास पहुंचा और शैंपू की मांग की, वहीं युवक ने सुदेश को बातों में लगा लिया और उसके गले से डेढ तोला वजनी सोने की चेन और हाथ से करीब छह हजार रूपये की नगदी लेकर फरार हो गया। वहीं सुदेश की शिकायत पर थाना बापौली पुलिस ने दो अज्ञात लोगों पर स्नेचिंग के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बच्चे के साथ महिला हुई लापता

**पानीपत।** पानीपत की विद्यानंद कालोनी से एक विवाहिता अपने दो साल के पुत्र के साथ संदिग्ध हालात में लापता हो गई। वहीं महिला के पति ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी को रोहित निवासी गांव उग्राखेडी जिला पानीपत विवाह की नीयत से उसकी पत्नी को बहला फुसला का अपने साथ ले गया है। पुलिस ने रोहित पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बच्ची के साथ दुकानदार ने की छेड़छाड़

**अंबाला।** 9 साल की बच्ची के साथ दुकानदार ने छेड़छाड़ की। आरोपी दुकानदार 2 बच्चों का पिता है। बच्ची पड़ोस में दुकान से कुरकरे लेने गई थी। आरोप है कि दुकानदार विजय कुमार यह कहते हुए बच्ची को अंदर ले गया कि कितनी प्यारी बच्ची है। वहां बच्ची के साथ छेड़छाड़ की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक 9 साल की बच्ची कक्षा चौथी में पढ़ाई करती है।

# थम नहीं रहा कंपकंपाती ठंड का प्रकोप

## घना कोहरा और धुंध के छाए रहने के साथ चल रही है शीतलहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में ठंड का प्रकोप कम नहीं हो रहा है। पिछले एक पखवाड़े से रोजाना सुबह के वक्त घना कोहरा, दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहने और शीतलहर चलने से मौसम में हाड गलाने वाली ठंड बढ़ रही है। कंपकंपाती ठंड की वजह से जहां लोग दिन भर घरों में दुबके रहते हैं, वहीं, कामकाजी लोगों के लिए परेशानियां बढ़ रही हैं। शुक्रवार को दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे, घना कोहरा पड़ने और शीतलहर चलने से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की। शुक्रवार सुबह जिले में आसमान से कोहरे की बूंदे औस के रूप में टपकती रही। जिससे मौसम में अधिक ठंड बढ़ गई। शीतलहर चलने से लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। आलम यह रहा कि दिन भर आसमान में धुंध के बादलों ने सूर्य देव को ढ़के रखा और लोग ठंड से कंपकंपाते रहे। एक दिन पहले शनिवार को दोपहर तीन बजे के करीब आधा घंटे के लिए सूर्य देव बादलों से बाहर निकलने में कामयाब हुए थे। मगर कुछ ही देर बाद वह बादलों में छिप गए।

■ ठंड बढ़ने से तापमान में आई भारी गिरावट

लोगों को उम्मीद थी कि शुक्रवार को आसमान साफ हो जाएगा और उन्हें ठंड से छुटकारा मिलेगा। मगर ऐसा नहीं हुआ और शुक्रवार को सुबह से लेकर शाम तक आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और दोपहर तक घना कोहरा छाया रहा। इस दौरान शीतलहर शीतलहर चलने से मौसम में दिन भर ठंडक बनी रही जिससे बच्चे, बुजुर्ग घरों में दुबके रहे।





यमुनानगर में शुक्रवार को सुबह के वक्त घने कोहरे के बीच सड़कों पर रेंगते वाहन व अलाव जलाकर आग सेंकते हुए दुकानदार। फोटो : हरिभूमि

### तापमान घटने से ठंड ने छुटाई कंपकंपी

शुक्रवार को मौसम में अधिक ठंड बढ़ने से जिले का न्यूनतम तापमान घटकर छह डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रह गया।

# सीएम मनोहर लाल 13 को करनाल प्रवास पर

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल



उपायुक्त अनीश यादव कार्यक्रम स्थल का दौरा करके प्रबंधों का जायजा लेते हुए।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल 13 जनवरी शनिवार को करनाल प्रवास पर रहेंगे और इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर उपायुक्त अनीश यादव ने अधिकारियों की टीम के साथ कार्यक्रम स्थल का दौरा करके प्रबंधों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

■ उपायुक्त ने मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थलों का किया दौरा

उपायुक्त ने दौरे के दौरान बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल 13 जनवरी को सबसे पहले वार्ड नम्बर 1 बसंत विहार स्थित श्री राम चरित मानस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में लोगों के साथ सीधा जन संवाद करेंगे और उनकी समस्या सुनेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री करनाल विधानसभा क्षेत्र के गांव जरीफाबाद में पंहुच कर वहां के लोगों के साथ भी जन संवाद करेंगे।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अदिति, वार्ड नंबर 1 के पूर्व नगर पार्षद नवीन कुमार, जरीफाबाद गांव के सरपंच प्रतिनिधि प्रवीन शर्मा मौजूद रहे।

# अतिक्रमणकारियों पर पुलिस ने शिकंजा कसा

## पानीपत ट्रैफिक पुलिस ने 52 वाहनों के चालान किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत की अगुवाई में पानीपत को जाम मुक्त करने की दिशा में अतिक्रमण के खिलाफ चलाए अभियान के तहत सातवें दिन शुक्रवार को ट्रैफिक पुलिस टीम ने दौबारा से सनौली रोड पर पहुंचकर अतिक्रमण हटवाकर फुटपाथ को खाली करवाया। ट्रैफिक पुलिस टीम द्वारा वीरवार को सनौली रोड से अतिक्रमण हटवाने के साथ ही दुकानदारों को विशेष रूप से हिदायत दी गई थी की वे दौबारा से फुटपाथ व सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण न करें। शुक्रवार को सनौली रोड पर फिर से दुकानदारों व रेहड़ी वालों ने फुटपाथ व सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण कर लिया। इसकी सूचना मिलने पर शहर यातयात इस्ट जोन इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रामनिवास ने टीम के साथ पहुंचकर अतिक्रमण हटवाकर सभी दुकानदारों को हिदायत दी वे अपनी दुकान की हद तक ही सामान रखे। इस दौरान फुटपाथ व सड़क पर अनाधिकृत रूप से बेतरतीब तरीके से खड़े 52 वाहनों के चालान भी किये गए व अतिक्रमण कर रखे फ्लेक्स बोर्ड इत्यादि सामान को जब्त किया गया।

■ अतिक्रमण से जाम की स्थिति उत्पन्न होती है



पानीपत की सनौली रोड से अतिक्रमण हटवाते हुए पुलिस टीम।

डीएसपी ट्रैफिक सुरेश सैनी ने कहा कि अतिक्रमण से जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। इससे आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दोबारा अतिक्रमण करने पर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# दो युवकों से ठगे तीन लाख 60 हजार रुपये

## बलात्कार के झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर की वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

बलात्कार के झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर एक महिला ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर दो युवकों से तीन लाख 60 हजार रुपये ठग लिए। पैसे ऐंठने का आरोप सोनिया, अशोक कुमार मेहता व निरंजन दास पर लगा है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार साढौरा थाने क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अक्तूबर 2023 में सोनिया ने उसके साथ फेसबुक के माध्यम से दोस्ती की थी। एक नवंबर 2023 को सोनिया ने उसे तबीयत खराब होने के बहाने से अपने घर बुलाया। जब वह सोनिया के घर पहुंचा तो उसने उसे चाय पीने के लिए दी। चाय पीते ही वह बेहोश हो गया।

■ पुलिस ने आरोपी महिला समेत तीन आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज

जब उसे होश आया तो वहां पर सोनिया के साथ अशोक मेहता व निरंजन भी था। आरोपियों ने उसे दुष्कर्म के केस में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। आरोपियों ने उससे दो लाख रुपये की मांग की। उसने अपनी इज्जत बचाने के लिए आरोपियों को दो लाख रुपये दे दिए।

### परेशान होकर पुलिस में शिकायत दी

इसी प्रकार, एक अन्य युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सोनिया के पड़ोस में उसका आना जाना था। जून 2023 में सोनिया ने उसे काम के बहाने से अपने घर बुला लिया। आरोपी ने उसे कोल्ड ड्रिंक पिलाई। जिससे वह बेहोश हो गया। जब उसे होश आया तो सोनिया के साथ वहां पर अशोक कुमार भी था। होश में आने के बाद वह घर चला गया। इसके बाद उसके मोबाइल पर अशोक का फोन आया और उसके खिलाफ सोनिया के साथ दुष्कर्म करने बारे पुलिस में शिकायत देने की धमकी दी। दुष्कर्म के केस से बचने के लिए आरोपी ने उससे 50 हजार रुपये मांगे। उसने आरोपी को 50 हजार रुपये दे दिए। इसके बाद आरोपी उसे फिर से ब्लैकमेल करने लगे। आरोपियों ने उससे फिर से एक बार 50 हजार रुपये तथा दूसरी बार 60 हजार रुपये ले लिए। इस प्रकार आरोपी ने उससे एक लाख 60 हजार रुपये ऐंठ लिए। इसके बाद भी आरोपी उससे पैसों की मांग करने लगे। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ धारा 120बी, 328, 389 व 506 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# सूने घर से 42 हजार रुपये व लाखों के आभूषण चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव करेहड़ा खुर्द में चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर 42 हजार रुपये की नकदी तथा लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव करेहड़ा खुर्द निवासी कैलाश चंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह छह जनवरी को घर का ताला लगाकर परिवार के साथ किसी काम से बाहर गया था। देर शाम जब वह वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से 42 हजार रुपये की नकदी , एलईडी, आठ जोड़ी चांदी के कंगन, चार गले की चेन, दो सोने की अंगूठियां, एक सोने की चेन, एक सोने का कड़ा, एक चांदी का कड़ा गायब मिला। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

■ -पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज



### शटरिंग की 27 प्लेटें गायब

प्रेम नगर निवासी राजेश्वर मंडल ने बताया कि वह राजमिस्त्री का काम करता है। उसने वर्कशॉप रोड पर कांग्रेस भवन के पास बिल्डिंग बनाने का ठेका लिया हुआ है। लेंटर डालने के लिए उसने शटरिंग की प्लेट यहां रखी हुई थी। सुबह जब वह काम पर आया तो यहां से 27 शटरिंग की प्लेटें गायब थी। शहर पुलिस ने मामले में अज्ञात पर केस दर्ज कर लिया है।

# पुलिस अकादमी मधुबन में प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन के सम्मेलन कक्ष में'ड्रोन टेक्नोलॉजी, इन्टरसेप्टर तथा इन्वेस्टीगेशन' विषय पर उत्तर क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक हुआ संपन्न। पांच दिवसीय यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित किया गया। हरियाणा पुलिस अकादमी के निदेशक डॉ सीएस राव के निर्देश पर अकादमी की पुलिस अधीक्षक पुष्पा प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि रही। प्रशिक्षण कार्यक्रम में हरियाणा,चण्डीगढ़ तथा उत्तर प्रदेश पुलिस के राजपत्रित व अराजपत्रित पद के 20 पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। पुलिस अधीक्षक पुष्पा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि

■ प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित किया गया





हरियाणा पुलिस अकादमी में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान करती पुलिस अधीक्षक, प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक पुष्पा का स्वागत करती जिला उप-न्यायवादी अनीता रानी।

वर्तमान समय में अन्वेषण अधिकारी को टेक्नोलॉजी का ज्ञान होना बहुत जरूरी है। टेक्नोलॉजी के विकास के साथ-साथ अपराध के स्वरूप में भी परिवर्तन आ रहा है। अपराध में ड्रोन का इस्तेमाल भी किया जाने लगा है, इस चुनौती का सामना करने के लिए अन्वेषण अधिकारियों में इस विषय पर क्षमता निर्माण के लिए यह कोर्स आयोजित किया गया था। उन्होंने प्रशिक्षण में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों को वरीयता प्रमाण-पत्र तथा सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए। अकादमी की जिला उप-न्यायवादी अनीता रानी ने पौधा भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला फरीदाबाद के पीएसआई विशाल अंतिल ने प्रथम, उत्तर प्रदेश पुलिस के एसआई केशव कुमार ने द्वितीय तथा हरियाणा पुलिस अकादमी के एसआई रामनिवास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



### दो बाइकों की भिड़ंत में बिजली कर्मी की मौत

**यमुनानगर।** जिले के बिलासपुर-साढौरा रोड पर गांव कुराली के नजदीक दो बाइकों की भिड़ंत में बिजली कर्मी की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव सरावीं निवासी सचिन ने बताया कि उसका दोस्त सादिकपुर निवासी 35 वर्षीय कुलविंद्र सिंह बिजली निगम में नौकरी करता था। शाम करीब पांच बजे वह और उसका दोस्त बिलासपुर से अपने अपने गांव अपनी बाइकों पर जा रहे थे। जब वे साढौरा रोड पर कुराली गांव के पास पहुंचे तो सामने से तेज गति से आ रही अन्य बाइक सवार ने उसके दोस्त कुलविंद्र की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह घायल हो गया। उसने लोगों की मदद से दोस्त कुलविंद्र को अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

■ आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज

## सूर्य उपासना से चमकेगा भाग्य : डॉ. कौशिक

# रवि योग में मकर संक्रांति 15 जनवरी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नए साल का पहला त्योहार मकर संक्रांति होता है जिसे हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार इस दिन सूर्यदेव धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करते हैं। सूर्य देव दक्षिणायान से उत्तरायण हो जाते है जिसे पवित्र माना जाता है मकर संक्रांति के दिन स्नान दान का विशेष महत्व है। इस साल मकर संक्रांति के दिन रवि योग का निर्माण हो रहा है।

मकर संक्रांति के अवसर पर स्नान दान के बाद सूर्य देव की पूजा करते है और रवि योग भी सूर्य पूजा के लिए उत्तम माना जाता है। सूर्य देव जिस समय मकर राशि में प्रवेश करते हैं, उस समय ही मकर संक्रांति होती है। मकर संक्रांति के दिन शुभ मुहूर्त में पवित्र नदियों में स्नान करना चाहिए। उसके बाद सूर्य देव को जल से अर्घ्य देना चाहिए। उसके बाद काला तिल, गुड़, चावल, गेहू, गरम कपड़े, जूते चप्पल और खिचड़ी आदि का दान करना चाहिए।



ज्योतिषाचार्य डॉ.रामराज कौशिक।

■ ग्रहों के राजा सूर्य देव शनि की राशि मकर में 15 जनवरी को 02:54 एएम पर प्रवेश करेंगे

ज्योतिषाचार्य डॉ.रामराज कौशिक के अनुसार, ग्रहों के राजा सूर्य देव शनि की राशि मकर में 15 जनवरी को 02:54 एएम पर प्रवेश करेंगे। उस समय सूर्य की मकर संक्रांति होगी। इस आधार पर मकर संक्रांति 15 जनवरी सोमवार को मनाई जाएगी। उस दिन पौष माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि है।

### मकर संक्रांति पर जरूरतमंदों को दान देना पुण्यकारी

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि मकर संक्रांति के दिन गरीबों और जरूरतमंदों को दान देना बेहद पुण्यकारी माना जाता है. इस दिन खिचड़ी का दान देना विशेष फलदायी माना गया है। इस दिन से सभी शुभ कार्यों पर लगा प्रतिबंध भी समाप्त हो जाता है। इस पर्व पर खिचड़ी सेवन और खिचड़ी दान का अत्यधिक महत्व बताया जाता है। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि मकर संक्रांति के दिन प्रसाद के रूप में खाई जाने वाली खिचड़ी सेहत के लिए काफी फायदेमंद होती है। इससे पाचन क्रिया सुचारु रूप से चलने लगती है।

पुण्यकाल में मकर संक्रांति का स्नान और दान करना श्रेष्ठ है। हालांकि उस दिन ब्रह्म मुहूर्त से ही मकर संक्रांति का स्नान-दान प्रारंभ हो जाता है और पूरे दिन तक चलता है। रवि योग में स्नान, दान और सूर्य की पूजा करना बहुत ही कल्याणकारी होता है।

# समालखा में दो नए पुलिस स्टेशन बनेंगे

## पानीपत के पुलिस कप्तान ने मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिला के कस्बा समालखा में एक और नया पुलिस स्टेशन स्थापित किया जाएगा। नए थाने का नाम दसर होगा और इसमें ग्रामीण क्षेत्र को शामिल किया जाएगा। जबकि पुराने थाने के क्षेत्र में समालखा शहर व इसके अंदर मिल चुके गांवों को शामिल किया जाएगा। स्मरणीय है कि दिल्ली एनसीआर और सोनीपत जिला से सटा होने के कारण समालखा में अपराध अधिक होने की आशंका रहती है। इसके साथ एक नए ट्रैफिक थाना जीटी रोड पर बनाया जाएगा। यहां से जीटी रोड के अपराध पर नजर रखी जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने दोनों थानों का प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय भेज दिया है। वहीं समालखा में थाना सदर व ट्रैफिक के जनसेवा में आने के आद पानीपत जिला में पुलिस स्टेशनों की संख्या में 18 हो जाएगी। स्मरणीय है कि समालखा को नगरपालिका से नगर निगम बनाने की घोषणा मुख्यमंत्री ने गत महीने समालखा में जन आशीर्वाद रैली में की है। इसके साथ नगरपालिका सीमा का विस्तार भी किया गया है। इसमें कई गांव व बाहरी कॉलोनियों को शामिल किया गया है। समालखा क्षेत्र में चुलकाना, आट्टा व जौरासी समेत 25 से अधिक गांव हैं। इसके अलावा शहर और गांव की मिलाकर सवा लाख से अधिक जनसंख्या है। इन सभी गांव व शहरवासियों की सुरक्षा के लिए अब तक महज एक थाना है। जिससे थाना के कार्य पर भार बढ़ रहा था। अपराध ग्राफ भी बढ़ रहा है। ऐसे में नया थाना मिलने से थाने का कार्यभार कम होगा। लोगों की सुरक्षा बढ़ेगी।

■ नए थानों का नाम सदर व ट्रैफिक थाना होगा, ग्रामीण अंचल थाना सदर में शामिल किया जाएगा, शहरी क्षेत्र पुराने थाने के तहत आएगा

## खबर संक्षेप



तरावड़ी। छात्र अपने द्वारा बनाये गये उपयोगी सामान के साथ प्रदर्शन करते हुये।

### एनएसएस कैंप में बच्चों को पेशेंट केयर की दी जानकारी

**तरावड़ी।** राजकीय आदर्श संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तरावड़ी में लाइफ स्किल कार्यक्रम के पांचवें दिन छात्रों के पेशेंट केयर एंड फर्स्ट एड के बारे में एएनएम रेखा रानी एवं राजरानी ने बच्चों को जागृत किया। इसके अलावा इन पांच दिनों में छात्रों के द्वारा बनाए गए उपयोगी सामान की प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें एसएमसी प्रधान राजेश कुमार एवं अन्य सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



करनाल। स्वामी विवेकानंद श्रद्धासुमन अर्पित करते प्राचार्य डॉ रामपाल सैनी व अन्य।

### युवाओं के आदर्श थे, स्वामी विवेकानंद : डॉ. रामपाल

**करनाल।** डीएवी पीजी कॉलेज में स्वामी विवेकानंद जयंती तथा राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद की तस्वीर के समक्ष पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया और डॉ. रामपाल ने छात्रों से आह्वान किया की हमें विवेकानंद जी के बताए रास्ते पर चलें।

## खुद भी ली खांसी की दवा, तुरंत मिला आराम: विधायक कल्याण

# आमजन से आयुर्वेद अपनाने की अपील

### 105 लोगों को जांच के बाद मुफ्त दवाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

हलका विधायक हरविंद्र कल्याण ने लोगों से अपील की है कि वे आयुर्वेद को अपनायें। आयुर्वेद बीमारी को जड़ से खत्म करता है और इसका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं है। यह 5 हजार साल पुरानी चिकित्सा पद्धति है जो हमारी आधुनिक जीवन शैली को सही दिशा देने व स्वास्थ्य के लिए लाभकारी आदतें विकसित करने में सहायक है। श्री कल्याण आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के गांव कलहेड़ी और जमालपुर पहुंचने पर आ यो जि त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने आयुष विभाग के स्टॉल से खुद खांसी की दवा ली जिससे उनके खराब गले भी को तुरंत आराम मिला।

- कलहेड़ी और जमालपुर पहुंची विकसित भारत

कलहेड़ी में एएमओ डॉक्टर वीनिता की टीम द्वारा 105 लोगों को जांच के बाद मुफ्त दवाई दी गई। विधायक ने सर्वप्रथम दोनों गांवों में विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया और योजनाओं की जानकारी लेने पहुंचे ग्रामीणों से बातचीत की। इससे पहले हरियाणा के विकास पर बनाई गई लघु फिल्म दिखाई गई।

आज युवा उत्सव पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का लाइव उद्बोधन भी एलईडी के माध्यम से सुनाया गया। गायक बिजेंद्र एंड पार्टी की ओर से विकासात्मक गीत प्रस्तुत किए गए। कलहेड़ी में पूर्व चेयरमेन रमेश बैरागी और जमालपुर में जगदीश राणा ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। कलहेड़ी में सरपंच विजेंद्र और जमालपुर में बलविंद्र ने विधायक का स्वागत किया और गांव में पिछले 9 सालों में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी।

विधायक श्री कल्याण ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद जी को याद करते हुए कहा कि 1983 में शिकागो में विश्व धर्म संसद में दिया गया प्रेरक भाषण बहुत अधिक सराहा गया। उस समय विदेशी प्रतिनिधियों को भी स्वामी जी के भाषण से पता चला कि भारत की प्राचीन संस्कृति कितनी समृद्ध है।

श्री कल्याण ने कहा कि देश की जिस प्राचीन संस्कृति को मुगलों और अंग्रेजों ने हजार साल तक तहस-नहस किया उसे भाजपा सरकार फिर से मजबूत करने में लगी है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि अगले 23 सालों में भारत विकसित राष्ट्रों की सूची में शामिल हो। यह तभी संभव होगा जब हर जिम्मेदार व्यक्ति कर्त्तव्य का पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निर्वहन करेगा।

श्री कल्याण ने बताया कि यात्रा अब तक हलके की 72 पंचायतों को कवर कर चुकी है। अगले 10-12 दिनों में बाकी पंचायत को भी कवर कर लिया जाएगा। हर गांव में पेंशन, राशन कार्ड, आधार अपडेशन, बीपीएल, आयुष्मान कार्ड बनाने जैसे 50 से 100 लोगों के काम मौके पर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के समय योजनाएं तो बनती थीं।

कर्ज व बिल माफी, गरीबी हटाने जैसे नारे भी खूब लगाए जाते थे पर जिन लोगों के लिए योजनाएं बनाई जाती थीं उन्हें इनका कभी फायदा नहीं हुआ। क्योंकि योजनाएं धरातल पर नहीं पहुंचती थी। एक समय था जब शिक्षक भी तबादलों के लिए विधायकों व मंत्रियों के आगे पीछे सचिवालय के गलियारों में चक्कर लगाते रहते थे लेकिन अब ऑनलाइन स्थानांतरण नीति ने शिक्षकों को सम्मान से नौकरी करने का अवसर दिया है।

शिक्षकों का कार्य विद्यार्थियों को शिक्षा देना, उन्हें अच्छे संस्कार देकर श्रेष्ठ नागरिक बनाना है। उन्होंने कहा कि आज व्यवस्थाएं मजबूत हो रही हैं। झूठ और बहकावे की बातें अब नहीं चलने वाली। लोगों में जागरूकता बढ़ रही है।



विधायक कल्याण

### भाजपा का मुख्य उद्देश्य जन सेवा

श्री कल्याण ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति के अर्थ को बदला है। एक समय ऐसा था जब राजनेताओं को अपना घर भरने की चिंता अधिक रहती थी उनके लिए समाज प्राथमिकता नहीं होता था लेकिन अब ऐसा नहीं है। भाजपा का मुख्य उद्देश्य जन सेवा है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में नौकरियां मेरिट पर मिल रही हैं। गरीबों के बच्चे अफसर बन रहे हैं। 2014 से पहले मात्र दो फसल एसएसपी पर खरीदी जाती थीं आज 14 फसलों की खरीद एमएसपी पर हो रही है। उन्होंने घरौंडा हलके में 9 सालों में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी और बताया कि जो कार्य बचे हुए हैं, आने वाले समय में उन्हें भी पूरा किया जाएगा। विधायक के अनुसार कलहेड़ी में भाजपा सरकार में 444 और जमालपुर में 303 नए बीपीएल कार्ड बने हैं।

### पेंशन बनाई

कलहेड़ी में आज कृष्णा देवी और प्रेमो देवी तथा जमालपुर में तेलू राम की मौके पर पेंशन बनाई गई। इसके अलावा संतोष और बलवंत सिंह के बीपीएल कार्ड तथा 27 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। जमालपुर में 30 लोगों के आयुष्मान और धर्मपाल, सुनील व अनिल के बीपीएल कार्ड बनाए गए।

### ये रहे मौजूद

कलहेड़ी में बीडीपीओ अशोक छिक्कारा, नायब तहसीलदार इंद्र दुहन, महेंद्र कैमला, नरेश कैमला, कश्मीरी लाल, योग सहायक अनुराधा, देवेंद्र शर्मा, सुरेन्द्र भौरिया और जमालपुर में अजमेर लठवाल, डा विनोद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### बुजुर्ग सम्मानित

गांव जमालपुर में विधायक ने बुजुर्ग रोशन शर्मा और जिंदो देवी को सम्मानित किया। पंद्रह मेधावी विद्यार्थी भी सम्मानित किए गए।

### गैस कनेक्शन

जमालपुर में आज रीना, किरण और रितू को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिया गया।



करनाल। अन्नकूट उत्सव का दृश्य व इनसेट में जानकारी देते हुए श्री यदुनाथ जी महाराज।

## करनाल में बनेगा श्रीनाथ द्वारा की तर्ज पर श्रीनाथ धामः यदुनाथ

- अयोध्या में 500 वर्ष बाद लौटेंगे भगवान श्री राम, इस साल होगा नये युग का सूत्रपात
- श्रीनाथ जी की हवेली में मना अन्नकूट उत्सव और श्री पुरुषोतम लाल जी महाराज का प्रकट उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

वैष्णव संप्रदाय के चतुर्थ संप्रदाय वैदिक के तहत पुष्टिमार्ग के संत तथा महाप्रभु श्री वल्लभाचार्य महाराज के 70वें तथा श्री पुरुषोतम लाल जी महाराज की चौथी पीढ़ी के प्रतिनिधि श्री यदुनाथ जी महाराज ने कहा कि करनाल में हरियाणा का पहला श्रीनाथ द्वारा की तर्ज पर श्रीनाथ धाम मनाया जाएगा। इसका निर्माण अंसल सिटी में किया जा रहा है। यह अपनी तरह का देश का अनुठा धाम होगा। जहां श्री गोवर्धन नाथ जी की प्रतिष्ठा होगी।

गुजरात से आए यदुनाथ जी महाराज ने कहा कि इस साल से नये युग की शुरूआत हो रही है। भगवान श्री राम 500 साल बाद अयोध्या में फिर से विराजमान होंगे। यह पूरे विश्व के लिए ऐतिहासिक क्षण होगा। इस वर्ष को इतिहास में युग वर्ष के रूप में लिखा जाएगा। श्री यदुनाथ जी महाराज आज करनाल में हरियाणा और पंजाब की एकमात्र वैष्णव संप्रदाय के तहत पुष्टिमार्ग की हवेली में पहुंचे थे। उन्होंने यहां पत्रकारों से बातचीत के बाद सत्संग को संबोधित किया। यहां पर अन्नकुट उत्सव के साथ-साथ भगवान श्री पुरुषोतम लाल जी महाराज का प्रकट उत्सव मनाया गया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि दीपावली के बाद तथा बसंत पंचमी से पहले अन्नकूट का उत्सव मनाया जाता है। इसके साथ ही महाराज का प्रकट उत्सव भी मनता है। उन्होंने बताया कि भगवान के नाम पर यदि हम अपने आपको समर्पित कर दें तो फिर चिंता की बात नहीं है। भगवान खुद बेड़ा पार कर देते है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कमेटी के प्रधान विजय भाटिया, विनीत भाटिया, के.के भाटिया, राजेश भाटिया, कपिल भाटिया, घनश्याम दास भाटिया, रघुनाथ भाटिया, नरेश शर्मा, अशोक भाटिया, नवीन शर्मा, प्रवेश कुमार, भूपेन्द्र भाटिया, कृष्ण कुमार भाटिया सहित समाज के प्रबुद्धजन मौजूद थे।



तरावड़ी। प्रोफेसर राजेश वैध अपने कार्यालय में समर्थको को सम्बोधित करते हुए।

## 15 को लॉन्च होगा घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान: राजेश वैध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

हरियाणा में 15 जनवरी से घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान की शुरुआत होने जा रही है इसी कड़ी मे शहर से यह अभियान शुरू किया जायेगा उक्त विचार हरियाणा लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य व पीसीसी डेलीगेट प्रोफेसर राजेश वैध ने अपने कार्यालय पर अपने समर्थको को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। वैध ने कहा की हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर 15 जनवरी से हर घर कांग्रेस घर घर कांग्रेस अभियान शुरू किया जा रहा है। जिसका मकसद हर घर और हर वोटर तक कांग्रेस की नीतियों और सरकार की नाकामियों को पहुंचना है। इससे पहले लगातार पार्टी द्वारा जन आक्रोश रैलियां हो रही हैं, जिनको जनता का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। अब हर घर कांग्रेस अभियान के जरिए वोटर्स से वन टू वन संवाद स्थापित किया जाएगा। कार्यकर्ता जनता को बताएंगे कि कैसे कांग्रेस अपने वादे निभाने के लिए जानी जाती है जबकि बीजेपी वादे तोडने के लिए। राजस्थान में □500 सिलेंडर की घोषणा से बीजेपी मुकर गई है। आज हरियाणा समेत पूरे देश में महंगाई और असमानता का माहौल है। हरियाणा के युवा देश से पलायन करने को मजबूर हैं। बीजेपी-जेजेपी ने हरियाणा में बेरोजगारी और भ्रष्टाचार ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

- लगातार पार्टी जन आक्रोश रैलियां हो रही हैं, जिनको जनता का जबरदस्त समर्थन मिल रहा

### बैठक में ये रहे मौजूद

इस बैठक में एडवोकेट विश्वनाथ शर्मा, पोली राम,पूर्व पार्षद पूजा रानी, एडवोकेट संजीव लाठर, एडवोकेट समता राय,एडवोकेट संजीव जोगी, नाथी राम,सरदार बलबीर सिंह आतिस, अनिल नीलोखेड़ी, अनिल लोहट,कुलदीप सिंह,मास्टर मेहरचंद, जगदीश चंद्र, बलराज, सत्यनारायण,सुरेंद्र कुमार समेत अनेको कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सेना में भर्ती के लिए शुरू होगा पंजीकरण

**करनाल।** भारतीय सेना अग्निवीर स्कीम के तहत वर्ष 2024-25 के लिए सेना में भर्ती प्रक्रिया शुरु होने वाली हैं। हरियाणा के छः जिलों अम्बाला, कैथल, कुरुक्षेत्र, करनाल, यमुनानगर, पंचकूला और केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के पुरुष अभ्यर्थियों तथा दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल एवं चंडीगढ़ की महिला अभ्यर्थियों के लिए पंजीकरण 8 फरवरी 2024 से 21 मार्च 2024 तक होगा। सभी योग्य प्रार्थी वेबसाइट पर पंजीकरण करवा सकते हैं। यह रैली पुरुष वर्ग में अग्निवीर (सामान्य कर्तव्य), अग्निवीर (तकनीकी), अग्निवीर (लिपिक/स्टोर कीपर तकनीकी) और अग्निवीर (ट्रेडमैन) तथा महिला वर्ग में (महिला मिलिट्री पुलिस) के लिए आयोजित की जायेगी।

## राष्ट्र रत्न अवार्ड समारोह करेगी एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन के सहयोग से राष्ट्र रत्न अवार्ड समारोह का भव्य आयोजन किया जायेगा, कार्यक्रम को लेकर एक बैठक का आ यो ज न नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम को लेकर अधिक जानकारी देते हुए नरेंद्र अरोड़ा ने कहा की एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया व ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा रविवार 28 जनवरी को डिवेंचर होटल में लाला लाजपत राय की जयंती पर राष्ट्र रत्न अवार्ड समारोह एंव लीडरशिप डेवलपमेंट सेमिनार का भव्य आयोजन किया जायेगा जिसमें फिल्म अभिनेता अमन वर्मा व फिल्म अभिनेत्री खुशी चौधरी चीफ सेलिब्रिटी के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणजोध सिंह करेंगे। उन्होंने कहा की इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों की महान शख्सियतों को राष्ट्र रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

- फिल्म अभिनेता अमन वर्मा व फिल्म अभिनेत्री खुशी चौधरी होंगे मुख्य अतिथि

उन्होने कहा की इस विशेष अवार्ड के लिए अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली हस्तियां नॉमिनेशन कर सकते हैं। उन्होंने कहा की इस अवसर पर भ्रष्टाचार उन्मूलन के क्षेत्र में कार्य करने वाले व ह्यूमन राइट्स के लिए कार्य कर रही विभूतियों को राष्ट्र रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया की अंतर्राष्ट्रीय निदेशक सावी चौधरी को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।



करनाल। उत्कृष्ट कार्यों के लिए सावी चौधरी को सम्मानित करते हुए नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा। फोटो: हरिभूमि

### बिजली शिकायतों के निपटारे के लिए बैठक 16 को

**करनाल।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निपटारा करने के लिए अध्यक्ष, उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम निगदू कार्यालय के कांफ्रेंस हाल में में 16 जनवरी को प्रातः 11 बजे बैठक का आयोजन किया जाएगा। इसमें बिजली संबंधी वे समस्याएं जिनका स्थानीय अधिकारियों से मिलने के बाद भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा है, को फोरम के समक्ष रखा जा सकता है। इस संबंध में उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम करनाल के अधीक्षक अभियंता कशिक मान ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक में ऐसे उपभोक्ता जिनका बिजली संबंधी केस कोर्ट में विचाराधीन है तथा जिनकी शिकायत या मामला दो वर्ष से पुराना है।

## प्रदेश के मंदिरों में चलायएंगे स्वच्छता अभियान

- स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने सभी नागरिकों और साधु संतों से स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कहा कि अयोध्या में श्री रामलला मंदिर के उद्घाटन के उपलक्ष में 14 से 22 जनवरी तक प्रदेश के सभी मंदिरों और तीर्थों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। प्रदेशभर के लोगों से अपील है कि मकर संक्रांति के दिन से छोटे बड़े सभी तीर्थ स्थलों पर स्वच्छता का अभियान चलाएं। स्वच्छता अभियान को लेकर सुभाष चंद्र आजकल प्रदेश के प्रमुख साधु संतों से मिलकर उन्हें इस अभियान से जुडने का आग्रह कर रहे हैं। सुभाष चंद्र ने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हमने प्रदेशभर के मंदिरों को साफ-सुथरा बनाने का संकल्प लिया है। साधु संतों और आम नागरिकों के अलावा उन्होंने सभी प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिखकर इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि हर मंदिर में सफाई का अभियान हमें 14 जनवरी से 22 जनवरी तक चलाना चाहिए।



करनाल। साधु संतों से मिलकर स्वच्छता अभियान के भागीदारी की अपील करते सुभाष।

## मुख्यमंत्री केवल उद्घाटन करने आते हैं करनाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल कांग्रेस के जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह ने स्वच्छता रैंकिंग में करनाल को 115वां स्थान मिलने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह शर्म की बात है कि करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी सरकार करनाल को स्वच्छ नहीं बना सकी। उन्होंने कहा कि करनाल मुख्यमंत्री मनोहर लाल का विधानसभा क्षेत्र भी है। सीएम को नैतिक जिम्मेवारी लेते हुए करनाल की जनता से माफी मांगनी चाहिए। मुख्यमंत्री करनाल में आकर जनता को जवाब दें कि क्यों जनता का करोड़ों रुपए बर्बाद किए जा रहे हैं। क्या मुख्यमंत्री उद्घाटन करने के लिए ही करनाल आते हैं। उन्होंने कहा कि सीएम सिटी को कचरा सिटी बनाने का काम मनोहर सरकार कर रही है। सफाई कर्मचारियों को प्रति माह 6.5 लाख रुपए वेतन दिया जाता है। इन कर्मचारियों को ठेकेदारों के अधीन छोड़ दिया गया है। सरकार के पास कोई रिपोर्ट नहीं है। कचरा प्लांट पर हर माह 3 करोड़ 10 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन वहां कोई काम नहीं हो रहा। बिजली बिल अदा न करने के कारण लाइटें बंद पड़ी हैं। शौचालयों पर ताले लग गए हैं। एक सवाल के जवाब में त्रिलोचन सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा बड़ा घोटाला है। जनता से टैक्स के जरिए लिए गए पैसे को भाजपा अपनी नीतियों का प्रचार करने में लगा रही है।



- बोले : मुख्यमंत्री और स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े अधिकारी स्वीकारें नैतिक जिम्मेदारी

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर दिखा युवाओं में उत्साह

# युवा दिवस पर युवाओं ने विवेकानंद के संदेशों को अपनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

आज स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस पर युवा उद्यमिता संकल्प यात्रा निकाली गई। यह संकल्प यात्रा स्वावलम्बी भारत अभियान, स्वदेशी जागरण मंच और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में पंडित चिरंजी लाल राजकीय कॉलेज से शुरू होकर इग्नू के क्षेत्रीय कार्यालय पर समाप्त हुई। यात्रा में स्वावलम्बी भारत अभियान, स्वदेशी जागरण मंच और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने भाग लिया द्य यात्रा में युवाओं ने स्वदेशी वस्तुएं अपनाने और देश भक्ति के नारे लगाए। 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद के जन्मोत्सव और राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। विदेशी जागरण मंच के विभाग सह संयोजक दुलीचंद कालीरमन ने संकल्प यात्रा के समापन पर युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारा देश विश्व में सबसे युवा देश माना जाता है जिसमें युवाओं की संख्या 65 प्रतिशत है , अगर हमारे युवा स्वामी विवेकानंद के जीवन के संदेशों से प्रेरणा लें और उनके बताए मार्ग पर चलें तो अपना लक्ष्य आसानी से हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज स्वावलंबी भारत अभियान के भी दो वर्ष पूरे हो गए हैं। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर देश के युवाओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद का जीवन आज के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। स्वामी विवेकानंद कहते थे कि हर युवा राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे सकता है। हमें नौकरी लेने वाला नहीं बल्कि नौकरी देने वाला बनकर विकसित भारत बनाना है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से डॉ इंदु बाला ने युवाओं को चरित्र निर्माण पर बल देने की बात कही , उन्होंने कहा कि इसके लिए जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है, शिक्षित होकर ही युवा अपने सामथ्र्य का उचित प्रयोग कर सकते हैं । इग्नू के निदेशक डॉ भानू प्रताप सिंह ने युवा दिवस का महत्व बताते हुए स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को आत्मसात किया। इग्नू के उप निदेशक डॉ धर्मपाल ने कार्यक्रम में आए हुए युवाओं को उदाहरण देकर



करनाल। राष्ट्रीय युवा दिवस पर रैली निकालते हुए युवा स्वयं सेवक। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

स्वावलम्बी भारत अभियान के सुरेंद्र गोयल ने युवाओं से जुडने के लिए प्रेरित किया और अभियान के चल रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी। स्वावलम्बी भारत अभियान के देवेंद्र अरोड़ा ने सभी सदस्यों और युवाओं का धनयवाद किया। संकल्प यात्रा के समापन पर मंच संचालन स्वदेशी जागरण मंच के ज़िला संयोजक डॉ सुखराज ने किया। स्वावलम्बी अभियान के पूर्णकालिक सदस्य ताराचंद ने युवाओं को सभी रोजगार केन्दों के बारे में जानकारी देते हुए इस अभियान से जुडने की पूरी जानकारी दी और बताया कि आज से पूरे देश में स्वच्र वोलिंटियर बनाने की शुरुआत भी हुई है। इस अवसर पर भजन लाल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से परवीन डबास ,अभिषेक राणा , दीपक राइ , अनुज शर्मा , बिंदु राणा मुख्य तौर पर उपस्थित रहे।

## राजनीति से ऊपर उठकर अयोध्या में श्री रामलला का उत्सव मनाएं : प्रवेश

**करनाल।** समाजसेवी प्रवेश गाबा ने कहा कि अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह भारत के लिए ऐतिहासिक पल है। इस पल को राजनैतिक मतभेद भुलाकर सभी को एक उत्सव के रूप में मनाना चाहिए। भगवान श्री राम किसी एक के न होकर बल्कि पूरे संसार के थे। जिन्होंने धर्म की खातिर अपने व्यक्तिगत सुखों का त्याग किया। भगवान राम से प्रेरणा मिलती है कि भाई के लिए त्याग किस तरह से किया जाता है, पिता की आज्ञा किस तरह मानी जाती है। भगवान श्री राम ने भाईचारे से रहने का पाठ पढ़ाया। भगवान श्रीराम के वनवास जाने के बाद खुद भरत गद्दी पर नहीं बैठे बल्कि उनकी खडाऊ को राज सिंहासन पर बिठाकर अपना कर्तव्य निभाया। भगवान श्री राम के जीवन से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। अयोध्या में भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से सभ्यता ओर संस्कृति को बल मिलेगा। यह सभी के लिए गर्व का क्षण है। विश्व में भाईचारा और समरस्ता का संदेश मिलेगा। उन्होंने सभी से भेदभाव भूलकर मिलजुलकर 22 जनवरी को दीपावली की तरह उत्सव मनाने की अपील की।

- भगवान श्री राम के जीवन से मिलती है समरस्ता और भाईचारे की प्रेरणा



जानकारी देते हुए समाजसेवी प्रवेश

## खबर संक्षेप

### स्वामी विवेकानंद को याद किया

**पानीपत।** नेहरू युवा केन्द्र पानीपत व देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय के सयुंक्त तत्त्वावधान में शुक्रवार को राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता एवं उद्योगपति महेश थरेजा ने शिरकत करते हुए स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का सुभारंभ किया।

### दो बाइक चोरों को गिरफ्तार किया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस की एंटी व्हीकल थेप्ट टीम ने दो बाइक चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की शिनाख्त मितलेश निवासी उदयपुर भूडा शहजानपुर यूपी हाल हनुमान कॉलोनी व मोहित निवासी हनुमान कॉलोनी के रूप में की। पुलिस ने आरोपियों से चोरी की गई दो बाइक बरामद की है।

### पेटीएम पर होगा चालान का भुगतान

**पानीपत।** ऑनलाइन पैसे का लेनदेन प्रचलन में है, हरियाणा पुलिस द्वारा इसी को ध्यान में रखते हुए आमजन को यह सुविधा देते हुए पेटीएम एप की मार्फत ट्रैफिक चालान का भुगतान करने की सुविधा प्रदान की है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने देते हुए बताया कि ट्रैफिक पुलिस ने पहली बार जुर्माने की राशि के लिए ऑनलाइन भुगतान स्वीकार करना शुरू कर दिया है। यह भुगतान ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पेटीएम एप के माध्यम से कर सकते है।

### सर्व ब्राहमण सभा का विस्तार किया

**पानीपत।** स्काईलार्क में सर्व ब्राह्मण सभा की एक बैठक जिला प्रधान रामरतन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। शर्मा ने बताया कि सर्व ब्राह्मण सभा का जिला कानूनी सलाहकार कृष्ण दत्त एडवोकेट को बनाया गया है एवं जिला उप प्रधान जेपी गौड़ को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा युवा जिला उप प्रधान जयनारायण शर्मा को बनाया गया जबकि जिला निवाचन प्रभारी पंडित ईश्वर शर्मा तथा जिला निर्वाचन प्रभारी सोमनाथ शर्मा को बनाया गया है।

### ऑपरेटर संघ ने ज्ञापन भेजा

**पानीपत।** हरियाणा पब्लिक हेल्थ ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर ऑग्रेरनाइजेशन हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ के जिला के प्रतिनिधिमंडल द्वारा उपायुक्त के माध्यम से विकास एवं पंचायत विभाग हरियाणा चण्डीगढ़ के निदेशक भेजा गया।

### बॉक्सर विनय ने ब्रांच मेडल जीता

**पानीपत।** इसराना खंड के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुआना लाखू के छात्र विनय पुत्र संजय ने किलोग्राम भार वर्ग में महाराष्ट्र के अखोला में 23 से 29 दिसम्बर तक आयोजित राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय, गांव व शिक्षा विभाग पानीपत का नाम रोशन किया है।

### अयोध्या से आए अक्षत बांटने की शुरूआत

**पानीपत।** चुलकाना धाम के विश्व प्रसिद्ध प्राचीन सिद्ध श्री चुनकट ऋषि के मंदिर से अयोध्या से आए अक्षत बांटने की शुरूआत की गई। विश्व प्रसिद्ध श्री श्याम बाबा मंदिर, नगर खेड़ा, गोगाजी मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, बसंती माता मंदिर सहित घर-घर पूजित अक्षत बांटे जा रहे हैं। देवेंद्र पुजारी ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होना है।

### निर्धनों का कल्याण हो रहा है

**पानीपत।** भाजपा नेता कुलदीप कौशिक ने शुक्रवार को गांव गढ़ी भलौर और मतनौली गांव में पहुंची विकसित यात्रा में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन के साथ अंतिम पात्र व्यक्ति तक जन कल्याणकारी नीतियों का लाभ पहुंचाना ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मोदी की गारंटी के रथ गांव-गांव जरूरतमंदों के द्वार तक पहुंच रहे हैं।

---

## एसडी कॉलेज में स्वामी विवेकानंद जयंती पर विवेकोत्सव युवा दिवस आयोजित

# विवेकानंद दर्शन ही नव भारत निर्माण का सशक्त आश्वासन है: गोयल

स्वामीजी के अनमोल विचार किसी भी युवा की तकदीर को बदल सकते है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। एसडी कॉलेज के विद्यार्थियों की विवेकानंद साहित्य चेतना यात्रा को रवाना करते हुए प्रधान दिनेश गोयल।

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के पावन अवसर एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विविध कार्यक्रमों, पुस्तक प्रदर्शनी और विशाल चेतना यात्रा का सारगर्भित समापन हो गया। वहीं समापन समारोह को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्रधान दिनेश गोयल ने कहा कि हमें कभी नहीं भूलना चाहिए कि देश की आजादी की लड़ाई में अपना सर्वस्व बलिदान कर लोगों में क्रांति का बीजारोपण करने वाले अधिकांश युवा स्वामी विवेकानंद को ही अपना आदर्श मानते थे। स्वामी विवेकानंद ने देश की आन, बान और शान के लिए अपने निजी जीवन के समस्त सुखों का त्याग कर दिया था और अपना समस्त जीवन देश के लिए न्यौछावर कर दिया था। स्वामीजी के अनमोल विचार किसी भी युवा की तकदीर को बदल सकते है। विवेकानंद दर्शन ही नव भारत निर्माण का सशक्त आश्वासन है। प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है, वहीं देश के विकास के लिए युवा वर्ग की मानसिकता का स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है। हमारे मानसिक स्वास्थ्य को स्वामी विवेकानंद के विचार ही मजबूत बना सकते है और वही हर युवा के मार्गदर्शक होने चाहिए। विवेकानंद ने ही देश की युवा शक्ति को जागृत कर उसे देश के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध कराया और उन्हें सही दिशा में प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया। उनके विचार पहले भी प्रासंगिक थे, आज भी है और भविष्य में भी रहेंगे। वहीं दो दिन चलने वाले विविध कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया। समापन समारोह में आकर्षण का केंद्र विवेकानंद साहित्य प्रदर्शनी एवं पुस्तक मेले का आयोजन रहा जिसमे स्वामी जी के जीवन और शिक्षाओं पर आधारित विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी द्वारा प्रकाशित समस्त पुस्तकों की प्रदर्शनी रहा।

---



समालखा। भाजपा नेता संजय छौक्कर पात्र महिला को गैस चूल्हा वितरित करते हुए।

## मोदी की गारंटी, हर समस्या का होगा समाधान: महिपाल

■ सरकार ने युवाओं के भविष्य को मजबूत बनाने को लेकर अनेक योजनाएं प्रारंभ की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में शुक्रवार को काबडी व कचरोली मे बतौर मुख्य अतिथि ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पानीपत ग्रामीण विधानसभा विधायक महिपाल ढांडा ने कहा कि हर नागरिक को आत्म निर्भर बनाना है। सरकार सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं के पास हुनर की कमी नहीं है। युवा आगे बढ़ रहे हैं व दूसरों को भी आगे बढ़ा रहे हैं। सरकार ने युवाओं के भविष्य को मजबूत बनाने को लेकर अनेक योजनाएं प्रारंभ की है जिनका युवाओं को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि किसान देश के रीड की हड्डी है। किसानों के जीवन को सुगम बनाने को लेकर सरकार गंभीर है। उन्होंने कहा की जन संवाद में प्राप्त होने वाली हर समस्या का समाधान होगा।



पानीपत। राजकीय स्कूल के विजेता विद्यार्थी के साथ डा .अशोक व अन्य।

## मानवता के लिए घातक है नशे की लत

**पानीपत।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के दिशानिर्दशों पर नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसके तहत आज राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने स्वयंसेवकों के साथ वार्तालाप के माध्यम से विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि नशे की लत मानवता के लिए घातक है। स्वामी विवेकानंद के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए डॉ. वर्मा ने कहा कि हम संसार को नहीं बदल सकते लेकिन अपने चरित्र में परिवर्तन करके एक आदर्श स्थापति कर सकते हैं क्योंकि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि सोच में परिवर्तन बहुत आवश्यक है।

---

## मारपीट में जेवर व नगदी गायब

**पानीपत।** पानीपत की कुटानी रोड पर विकास निवासी सैनी कॉलोनी, वार्ड 11 की कार में सवार होकर आए छह युवकों ने जमकर पिटाई कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं घायल विकास ने जहां थाना किला पुलिस को इस मामले की शिकायत दी, वहीं उसने बताया कि मारपीट के दौरान उसकी जेब से 50 हजार रुपये की नगदी, मोबाइल फोन सैट व डेढ तोले सोने से बनी चेन गायब हो गई। वहीं विकास की शिकायत पर थाना किला पुलिस ने राहुल झटका, विक्की सैनी, दिलशाद बापौली, अभय मंडल, अंकुश इंसार आदि पर केस दर्ज कर जांच शुरू दी।

## 51 स्वयंसेवकों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। आईबी कॉलेज के एनएसएस के स्वयंसेवी विद्यार्थी प्रमाण पत्र दिखाते हुए।

■ जनसेवा के संकल्प के साथ एनएसएस शिविर का समापन हुआ

आईबी पीजी महाविद्यालय में एनएसएस यूनिट द्वारा सात दिवसीय एनएसएस स्पेशल कैंप जिसका विषय आत्मनिर्भर भारत विकसित भारत के समापन समारोह का आयोजन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कॉलेज प्राचार्य डॉ. अजय गर्ग रहे। एनएसएस यूनिट के सभी मेंबर्स द्वारा मुख्य अतिथि को पौधा देकर सम्मानित किया गया। डॉ. अजय गर्ग ने कहा कि एनएसएस के सभी विद्यार्थी बहुत भाग्यशाली हैं जिन्हें एनएसएस में आने का और समाज की सेवा करने मौका मिला। सभी विद्यार्थी अपने हृदय में नए-नए सपने सजा खुद को और अपने भारत को आत्मनिर्भर बनाओ। सामाजिक विकास का दूसरा नाम एनएसएस की है। एनएसएस में सभी स्वयंसेवक समाज की सेवा के लिए तत्पर तैयार रहते हैं। एनएसएस संयोजक डॉ. जोगेश ने शिविर में भाग लेने वाले 51 स्वयंसेवकों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ.पूजा, डॉ. शशि प्रभा, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. नरवीर, डॉ. नीतू मनोचा, प्रो. मंजली, प्रो. साक्षी, डॉ.शर्मिला यादव, डॉ.सुनीता ढांडा, प्रो.अंजलि, प्रो. सोनिया आदि उपस्थित रहे।

---

## थानेसर का स्वच्छता सर्वेक्षण में पिछड़ना बेहद शर्मनाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक अरोड़ा ने कहा कि धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में ट्रिपल इंजन की सरकार होते हुए नगर परिषद थानेसर का स्वच्छता सर्वेक्षण में बुरी तरह पिछड़ना बेहद शर्मनाक है। अपने निवास स्थान पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि पिछले लगभग 20 वर्ष से नगर परिषद थानेसर की अध्यक्षा सुभाष सुधा की धर्मपत्नी उमा सुधा हैं और सुभाष सुधा थानेसर के विधायक हैं। कुरुक्षेत्र के सांसद नायब सैनी भाजपा के प्रदेशाध्यश्क्ष भी हैं। ट्रिपल इंजन की सरकार होते हुए भी नगर परिषद थानेसर स्वच्छता सर्वेक्षण में पूरी तरह साफ हो गई है। करोड़ों रूपए विकास पर खर्च करने का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस मौके पर उनके साथ प्रदेश कांग्रेस के पूर्व संगठन सचिव सुभाष पाली, पूर्व सरपंच पाला राम, ओमप्रकाश हथीरा, पूर्व जिप सदस्य चंद्रभान वाल्मीकि, माला राम व संजय कौशल मौजूद रहे। अशोक अरोड़ा ने बताया कि उन्होने शुक्रवार को गांव पलवल, खेड़ी रामनगर, फतुहपुर, चंद्रभानपुर, खासपुर, अमीन, सुनहेडी, आलमपुर व खेड़ी ब्राह्मण में लोगों से जनसंपर्क करके लोगों को थानेसर अनाज मंडी में आयोजित 21 जनवरी में कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यक्रम का न्यौता दिया।

## नारी कल्याण समिति ने मनाया लोहड़ी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। लोहड़ी पर्व पर बच्चों को भोजन करवाते हुए नारी कल्याण समिति की सदस्य ।

■ कार्यक्रम के अन्तर्गत जरूरतमंद बच्चों को भोजन करवाया गया

नारी कल्याण समिति ने लोहड़ी पर्व समिति की सदस्या योजना रोहिला के निवास पर मनाया। जिसमें पांच ड्रा निकाल कर समय की पाबंद सदस्याओं को उपहार दिए गए। समिति की प्रधान कंचन सागर ने लोहड़ी उत्सव की महिमा बताते हुए कहा कि लोहड़ी का त्योहार सूर्यदेव और अग्नि को समर्पित है। इस त्योहार में लोग नई फसलों को अग्निदेव को समर्पित करते हैं। यजमान योजना रोहिला और सुमन सिंगला ने कहा कि इस दिन परिवार के साथ-साथ आस पास के लोग उस अग्नि की परिक्रमा करते हैं, गिद्दा करते हैं और गीत गाकर इस दिन जश्न मनाते हैं। सचिव सुनीता गुलाटी और कंवल सोई ने बताया कि यह त्यौहार हमारी संस्कृति है। कार्यक्रम के अन्तर्गत जरूरतमंद बच्चों को भोजन कराया गया। सबने लोहड़ी के गीत गाए।

वहीं भावना बंसल की ओर स्टेशनरी,ड्रांइग बुक्स और पेन्सिल किट् और योजना रोहिला ने टोपी और जुराबें तथा मूँगफली-रेवड़ी भी बांटी गई। इस अवसर पर शशि शर्मा, राज नन्दा, रश्मि अखौरी, माधवी वर्मा, कृष्णा अरोड़ा, शोभा गोयल, नीलम नागपाल,सुमन शिंगला, रवि मल्होत्रा, बिमला गुप्ता, रश्मि सैनी व सुनीता गुलाटी शामिल रही।

---

### सफाई अभियान के तहत औचक निरीक्षण किया

**पानीपत।** पानीपत एसडीएम मनदीप सिंह ने शुक्रवार को गांव थिराना में चल रहे सफाई अभियान के तहत औचक निरीक्षण किया और ग्रामीणों से अपील की कि अपने आस-पास साफ सफाई रखें जिला प्रशासन की ओर से ग्रामीण क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि हमें अपने आस-पास भी साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखनी चाहिए। उपायुक्त के आदेशानुसार गांवों को पोलीथीन मुक्त करने का बीड़ा उठाया गया है इसीलिए सभी इसमें सहयोग दें।

### विदेश की चकाचौंध से बचना आवश्यक, देश में अवसरों की कमी नही : डॉ. सुषमा शर्मा



**कुरुक्षेत्र।** उदयन शालिनी फेलोशिप की चैप्टर संयोजक डॉ. सुषमा शर्मा ने दीपक चिब व डॉ राम निवास के माध्यम से शालिनी परिवार के साथ नए साल का जश्न मनाने के लिए सार्थक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में डिवाइन मल्टीप्लेक्स में डंकी मूवी शो दिखाया गया। इसमें बारना, कमोदा, किरमिच, थानेसर, लाडवा, शाहाबाद और इस्माईलाबाद सहित विभिन्न स्थानों से कुल 70 शालिनियो ने भाग लिया। आयोजन का केंद्र बिंदु विदेश जाने के लिए अवैध प्रक्रियाओं से जुड़े संभावित खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था, जिसमें सूचित निर्णयों के महत्व पर जोर दिया गया। डॉ. शर्मा का उद्देश्य शालिनी लोगों के बीच अपनी मातृभूमि के प्रति गहरी सराहना पैदा करना और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना रहा। उन्होंने कहा कि विदेश की चकाचौंध से बचना आवश्यक है, क्योंकि हमारे देश में भी अवसरों की कमी नही है। डिवाइन सिटी सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम ने आनंददायक और शैक्षिक अनुभव प्रदान किया। फिल्म 'डंकी' के चुनाव ने संभवतः ज्ञानवर्धक माहौल में योगदान दिया, जिससे शालिनी में कृतज्ञता की गहरी भावना पैदा हुई। कुल मिला कर डॉ. सुषमा शर्मा ने एक विचारशील कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें मनोरंजन के साथ एक महत्वपूर्ण संदेश मिला, जिससे उपस्थित लोगों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा।

### तीन युवकों पर फायरिंग की

**पानीपत।** हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस को दी शिकायत में सागर ने आरोप लगाया कि वीरवार को वह अपने दोस्तों सागर, प्रिंस व रोहित के साथ अपनी कार में सवार होकर गांव बुडश्याम जा रहा था। दिल्ली पेरलल नहर के पास ग्रे कलर की इनोवा कार में सवार दो युवकों ने उन पर फायरिंग की। फायरिंग से पहले कार सवारों ने उन्हें रोकने की चेष्टा की थी। जब वे नहीं रूके तो फायरिंग की। इधर, पुलिस ने सागर की शिकायत पर अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### सफाई कर्मियों के लिए कैंप लगेगा

**पानीपत।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग भारत सरकार की केंद्रीय निगरानी समिति के सदस्य रविंद्र प्रधान ने शुक्रवार को जिला सचिवालय के सभागार में सफाई कर्मचारियों के पुनर्वास को लेकर उठाए जा रहे कदमों और इनसे जुड़ी योजनाओं के बारे में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली और समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह माह में एक बार सफाई कर्मचारी से संबंधित योजनाओं को लेकर कैंप का आयोजन करें और अंत्योदय की भावना से उन्हें लाभ भी पहुंचाएं।

---

## विधायक विज ने निर्माणाधीन चार अंडर पास का निरीक्षण किया

# मानवता और कर्तव्यनिष्ठा की शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। आर्य कालेज में स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

आर्य कॉलेज में शुक्रवार को एनएसएस इकाई द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। जिसमें विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के संदेशों से अवगत करवाया गया साथ ही अपने राष्ट्र और समाज के प्रति कर्तव्यनिष्ठ रहने की शपथ भी दिलाई गई।

प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने आध्यात्मिक गुरु एवं समाज सुधारक स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और आशा व्यक्त की कि उनकी शिक्षाएं और विचार भावी पीढियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करने और मानवता की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। महान आध्यात्मिक गुरु एवं समाज सुधारक स्वामी जी ने भारतीयों को उनकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराने के लिए देश भर में यात्रा की। उन्होंने भारत के आध्यात्मिक संदेश पश्चिम तक फैलाए।

वहीं एनएसएस अधिकारी विवेक गुप्ता ने कहा हमें विवेकानंद की तरह अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए तत्पर रहना चाहिए। डॉ. मनीषा डूडेजा ने कहा स्वामी विवेकानंद एक महान व्यक्तित्व थे। हमें भी उनके जीवन का अनुसरण करना चाहिए।



एनएसएस कैंप में छात्राओं को योगा कराते हुए अशोक अरोड़ व सुमन वधवा। फोटो :हरिभूमि

## योग करने से शरीर रहता है निरोग: योगाचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव सिवाह में चल रहे पांच दिवसीय लाइफ स्किल डेवलपमेंट कैंप के समापन दिवस पर पतंजलि प्रभारी अशोक अरोड़ा तथा योग शिक्षिका सुमन वधवा ने सभी छात्राओं तथा स्कूल के स्टाफ को योग सिखाया। योग के महत्व को समझाते हुए कहा कि आज के समय में योग करना कितना अनिवार्य है। आज के सत्र में सूर्य नमस्कार के प्रत्येक अंग को समझाते हुए सभी छात्रों को बारह बार सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। वहीं अरोडा ने दावा किया कि योग करने से शरीर निरोग रहता है। सुमन वधवा ने सूक्ष्म व्यायाम तथा यौगिक जॉगिंग एवं एरोबिक्स के माध्यम से उनका व्यायाम करवाया। छात्राओं को योग के अलावा दिनचर्या खान-पान तथा पढ़ाई में अव्वल आने के गुर बताएं। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल सुदेश, मुकेश, प्रमिला ,सुरेश, अनीता व रश्मि आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### छात्रों को साइबर अपराध के प्रति जागरुक किया

**अंबाला।** पुलिस की ओर से शुक्रवार को हरियाणा उदय सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के तहत दुर्गा शक्ति टीम ने एसडी कॉलेज में छात्रों को साइबर अपराध के प्रति जागरुक किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों से नशे से दूर रहने का भी आग्रह किया। साथ ही महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, के बारे में भी जागरूक किया। दौरान दुर्गा शक्ति टीम की प्रभारी एएसआई रेनू छात्रों के हर सवाल का जवाब भी दिया।

### विकास कार्यों पर उठाए सवाल

**अंबाला।** अंबाला छावनी में चल रहे विकास कार्यों को लेकर इनेलो प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह ने कहा कि ऐसा विकास किस काम का जो जनता को दुख दे। उन्होंने कहा कि पंजाबी मे एक कहावत है भठ पिया सोना जिहड़ा कना नूं खाए ₹ जिसका मतलब है कि सोने की कीमत तो सबके लिए महत्वपूर्ण है लेकिन ऐसे सोने का भी कोई लाभ नहीं होता जो कान को ही नुकसान दे। कहा कि मिल के पीछे आने जाने के लिए मात्र एक सड़क है और वह भी पिछले कई महीनों से टूटी हुई और बंद है।

### दुराचार का प्रयास करने का आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज किशोरी से दुराचार का प्रयास करने वाले आरोपी विजय कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित के पिता ने 10 जनवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी विजय कुमार ने उसकी किशोर पुत्री से दुराचार का प्रयास करने का अपराधिक कार्य किया है।

### अपहरण के मामले में तीन आरोपित दबोचा

**कैथल।** एक व्यक्ति का अपहरण करके पैसे मांगने की मामले की जांच सीआईए-1 पुलिस के एसआई जयभगवान की टीम द्वारा करते हुए बाबरपुर जिला पटियाला पंजाब निवासी राजेंद्र सिंह, हीरागढ़ पटियाला पंजाब निवासी हरप्रीत व न्यायतपुर जिला पटियाला पंजाब जसपाल को गिरफ्तार कर लिया।

## कमेटी का आरोप, प्रशासन की ओर से भेजे जा रहे हैं क्षमता से अधिक पशु

# टंगैल नंदीशाला में चारे का संकट मवेशी लेने से कमेटी का इनकार

### नंदीशाला में मार्च तक के लिए रखा सूखा चारा ढ़ाई महीने पहले ही खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। नंदीशाला में मौजूद गौधन।

गांव टंगैल स्थित महार्षि मारकंडेश्वर नंदीशाला में चारे का संकट खड़ा हो गया है। इस संकट के कारण अब नंदीशाला के पशु भूखे मरने की कगार पर पहुंच गए हैं। बेसहारा गौधन की बढ़ती संख्या की वजह से ये स्थिति पैदा हुई है। इस समस्या के चलते अब नंदीशाला को चलाने वाली कमेटी ने नए पशु लेने से साफ इंकार कर दिया है। चारे के बढ़े संकट को लेकर कमेटी प्रधान अनिल चड्ढा शुक्रवार को कमेटी सदस्यों के साथ नंदीशाला पहुंचे। चड्ढा ने कहा कि अब उन के हाथ खड़े हो चुके हैं। अब वह प्रशासन द्वारा भेजे गए पशुओं को कतई नहीं लेंगे। कमेटी की माने तो नंदीशाला में मार्च तक के लिए सूखा चारा जमा किया गया था। पर पशुओं की बढ़ती संख्या के कारण यह अढ़ाई महीने पहले ही समाप्त हो गया है। नंदीशाला टंगैल गांव की 11 एकड़ गौचरान भूमि में बनी हुई है। इसमें सात एकड़ की चारदीवारी हुई है। करीब 4 एकड़ खाली है। गौधन के लिए 6 एकड़ में हरा चारा बिजा गया था। यह चारा भी अब खत्म होने जा रहा है। कमेटी के अनुसार इस बार पहले सारा चारा तेज बारिश व मारकंडा नदी में पानी से खराब हो गया था। अब फिर नंदीशाला में सूखे चारे का भी संकट खड़ा हो गया। बेसहारा पशुओं की बढ़ती संख्या के कारण यह स्थिति पैदा हो रही है।



अंबाला। चारे के संकट की जानकारी देते कमेटी के पदाधिकारी।

### सालाना प्रति गाय मिलते हैं 300 रुपये

नंदीशाला कमेटी के सचिव भूपेंद्र कालड़ा का कहना है कि इस समय हरे चारे के साथ ही सूखे चारे की भी समस्या खड़ी हो गई है। नंदीशाला में सरकार की और से वर्ष में 300 रूपते प्रति गाय व 400 रुपये नंदी के हिसाब से मिलते हैं। नंदीशाला की 27 सदस्य कमेटी यहां की व्यवस्था को संचारु रखने के लिए दानी लोगों से संपर्क स्थापित करती है। कालड़ा ने कहा कि नंदीशाला दान की राशि से ही चल पा रही है। पशुओं की बढ़ती संख्या के कारण अब चारे की पूर्ति पर्याप्त नहीं हो पा रही है। नंदीशाला में गौधन के लिए कुल चार शैड बनाए गए हैं। इनमें दो शैड में भूसा स्टोर किया जाता है। दो शैड में गौधन रखा गया है।

कमेटी के अनुसार दिसंबर के महीने में प्रशासन द्वारा यहां करीब 75 पशु भेजे गए थे। मुलाना पंचायत द्वारा भी किसानों के खेत चरते बेसहारा 100 पशुओं को यहां भेजा गया है। प्रधान अनिल चड्ढा ने कहा कि नंदीशाला में प्रतिदिन पशुओं का आना जारी है। क्षेत्र की करीब 20 पंचायतों से उन्हें आर्थिक व चारे की मदद मिलती है। सचिव भूपेंद्र कालड़ा ने उन आरोपों को भी सिरे से खारिज कर दिया जिसमें कमेटी पर पशुओं को दोबारा खुले में छोड़ने की बात कही जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर कोई यह आरोप साबित कर दे तो वह हर हर्जाना देने को तैयार हैं। एसडीएम बिजेंद्र सिंह ने कहा कि नंदीशाला में चारे के संकट की हल हो जाएगा।

### नंदीशाला में 550 पशु

बता दें कि इस समय नंदीशाला में करीब 550 बेसहारा पशु हैं। अब यहां पशुओं के लिए यहां रोज 10 क्विंटल चारे की जरुरत होती है। इस पर रोज हजारों रुपये का खर्च आता है। यह नंदीशाला क्षेत्र के सामाजिक व दानी लोगों के सहारे ही चल पा रही है। प्रशासन की ओर से नंदीशाला को ज्यादा मदद नहीं मिल पाती। कमेटी के सदस्य अपने रसूख से एकत्रित चंदे से नंदीशाला की व्यवस्था चलाने का काम करते हैं। नंदीशाला में 10 कर्मचारी बेसहारा पशुओं की देखभाल कर रहे है। इनके वेतन पर प्रतिमाह 1 लाख रूपए खर्च होता है। केवल चंदे के सहारे हर महीने कर्मचारियो को वेतन निकालना ही कमेटी को मुश्किल हो जाता है।



अंबाला। व्याख्यान के दौरान कॉलेज के छात्र व शिक्षक।

## अखंड भारत की स्वायत्तता के लिए नवयुवकों की सहभागिता जरुरी

■ स्वामी विवेकानंद के जीवन पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, एनएसएस की स्वामी विवेकानंद सेल सौजन्य इतिहास विभाग एवं वाईआरसी के द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवन पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में समाज सुधारक सुभाष कलसाना ने अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि भारत पुनः विश्व गुरु के पद पर आसीन हो रहा है। गौरव सैनी ने बताया कि अखंड भारत की स्वायत्तता के लिए नवयुवकों की सहभागिता अनिवार्य है। विदेशी धरती पर भी उन्होंने अपनी भारतीयता को बनाए रखा तथा अपनी परंपराओं एवं जड़ों से जुड़े रहे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि विनम्रता एवं सादगी के पुंज स्वामी विवेकानंद का तेज और ओज हमारे युवाओं को ग्रहण करना चाहिए। उनकी निर्भीकता से पूरा विश्व परिचित है। डॉ. अनीश कुमार ने स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्त को विद्यार्थियों के समकक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए आरंभ से ही प्रेरणा के स्त्रोत रहे हैं। डॉ. सरोज ने बताया कि भारत में आरंभ से ही चरित्र ही पूजित हुए हैं और स्वामी विवेकानंद उन महापुरुषों में से हैं जो हमारे हृदय मंदिर में सदैव पूज्य रहेंगे। डॉ. धर्मवीर सैनी ने बताया कि विदेश में रहकर भी स्वामी विवेकानंद का मातृ भूमि के लिए प्रेम कम नहीं हुआ ।अवसर पर डॉ. कुलदीप, डॉ. रितु गुप्ता डॉ. राजेंद्र देशवाल, प्रो. सुषमा सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

## बालिग होते ही युवती प्रेमी के साथ फरार परिवार संग 2 दिन पहले मनाया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

बालिग होते ही एक युवती अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। दो दिन पहले ही युवती ने अपना 18वां जन्मदिन मनाया था। रात को जन्मदिन मनाने के बाद वह अपने परिजनों के साथ कमरे में सो गई, लेकिन अगली सुबह लापता हो गई। मामला गांव घेल कलां का है। परिजनों ने गांव जड़ौत के संदीप पर उनकी बेटी को भगाने का आरोप लगाया है। युवक जग्गी सिटी सेंटर में जॉब करता है। जब युवती वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने अंबाला सदर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवती जाते समय अपने घर से 8-10 हजार रुपए कैश, मां के जेवर और अपने डॉक्यूमेंट्स साथ ले गई। युवती की मां ने बताया कि वे काम पर चले जाते थे। पीछे से बेटी संदीप के साथ फोन पर बात करती थी। उन्हें नहीं पता था कि उनकी बेटी युवक से बाहर मुलाकात भी करती है। 3-4 महीने पहले युवक ने उनके पास कॉल करने की धमकी दी। कहा कि शादी नहीं कराई तो सुसाइड कर लूंगा। वे उनकी बेटी की फरवरी/मार्च में शादी करने की तैयारी कर रहे थेलेकिन उससे पहले ही बेटी घर से चली गई। युवक-युवती दोनों का पिछले 2 दिन से कहीं कोई सुराग नहीं लगा। दोनों के मोबाइल भी बंद आ रहे हैं। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## फिलाडेल्फिया अस्पताल में मनाया लोहड़ी का जश्न, जमकर झूमी स्टाफ नर्स व सहयोगी कर्मचारी

**अंबाला।** फ़लिाडेल्फ़यि अस्पताल में मकर संक्रांति के एक दिन पहले लोहड़ी त्यौहार हर्षोलास से मनाया गया। अस्पताल प्रांगण में डॉक्टर्स, स्टाफ एवं नर्सिंग की छात्रों ने आग के किनारे घेरा बनाकर विभिन्न नृत्य, गिद्दा एवं बोलियों के साथ इस त्यौहार को मनाया। रेवड़ी, मूंगफली, लावा आदि के साथ नृत्य की उमंग देखते ही बनती थी। इस विशेष दिवस पर अस्पताल के निदेशक डॉ. सुनील सादिक़ ने बताया की लोहड़ी शब्द 'तिलोहड़ी' से आया है। जिसमें तिल का अर्थ होता है तिल और 'रोरही' का अर्थ होता है गुड़। वहीं इसका एक अन्य अर्थ भी है लोहड़ी में 'ल' का अर्थ है लकड़ी, ओह का अर्थ 'उपले', और 'ड़ी' का मतलब 'रेवड़ी'। इन तीनों को मिलाकर बना है लोहड़ी। यह पर्व प्रकृति और किसान से जुड़ा है। इसके अलावा लोहड़ी को सर्दी के अंत के प्रतीक के रुप में भी देखा जाता है। साथ ही उन्होंने बताया की अग्नि पावन होती है जिसका जिक्र बाइबिल में भी है। सारे मौसम, परमेश्वर के द्वारा ही बनाये गए हैं और हर बात में हमें उनका धयवाद करना चाहिए। इस पूरे अवसर पर स्कूल ऑफ़ नर्सिंग की प्रधानाचार्य डॉ. इंदिरा डेनियल के साथ फैकल्टी राजविंदर कौर, कृष्णा वर्मा, सुखबिंदर कौर, परवीन कुमारी, सूरज, राजकुमार झा, अमित लॉरेंस, शालू, रेशमा, नीलम, सुभाष, यश कुमार, मनप्रीत इत्यादि ने भरपूर सहयोग दिया।



अंबाला। लोहड़ी के उपलक्ष्य में डांस करते अस्पताल के चिकित्सक व स्टाफ।

## विद्यार्थियों ने टिश्यू पेपर से बनाई खूबसूरत तस्वीर



**बराड़ा।** राजकीय उच्च विद्यालय मुलाना में ₹जीवन कौशल विकास संग मस्ती शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। इसमें बच्चों ने व्यर्थ वस्तुओं के माध्यम से विभिन्न वस्तुओं का निर्माण करना सीखा। सलाद को अन्य तरीकों से भी काटने का प्रशिक्षण लेकर सजावट सहित लगाना, प्राथमिक सहायता, आपातकाल में अपनी व दूसरों की मदद करना, स्वास्थ्य वर्धक नुस्खे, परिवार व समाज में ऑर्गेनिक वस्तुओं को बढ़ावा देने बारे, गत्ते, बुकरम से विभिन्न तस्वीरों को जिंदादिली देना, दक्षिण भारत की कला को अपने हाथों से बनाकर तस्वीरों के माध्यम से छटा बिखेरना, ग्रीटिंग काड्र्स, फ्लोटिंग कैंडल,फैब्रिक पेंटिंग, क्ले म्यूरल्स, टिशू पेपर से तस्वीरों का सुंदर निर्माण करना भी बच्चों को सिखाया गया। गांव के सरपंच एसएमसी प्रधान सुमन कुमारी, सुमन कश्यप टीजीटी अंग्रेजी, लिपिक सुरेश चंद ने बच्चों द्वारा लगाई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## निर्माणाधीन शहीद स्मारक पर निर्माण कार्य का लिया जायजा

■ शहीद स्मारक का सिविल वर्क अंतिम चरणों में, गृह मंत्री विज ने निर्माण एजेंसी के स्टाफ से प्रगति जानी



अंबाला। शहीद स्मारक का मुआयना करते गृहमंत्री अनिल विज।

**अंबाला।** गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने शुक्रवार को जीटी रोड पर करोड़ों रुपये की लागत से निर्माणाधीन शहीद स्मारक पर निर्माण कार्य का जायजा लिया। विज ने स्मारक में मेन एंट्रेंस, कांफ्रेंस हॉल, प्रोजेक्टर रूम एवं स्मारक में अन्य निर्माण कार्यों का बारिकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद निर्माण एजेंसी के स्टाफ से कार्य की प्रगति के बारे में जाना। उन्होंने निर्माण एजेंसी को कार्य तेजी एवं जल्द पूरा करने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मेमोरियल टॉवर, पार्किंग एरिया आदि के नर्मिाण कार्य भी जानकारियां ली। निर्माण एजेंसी के स्टाफ ने विज को बताया कि शहीद स्मारक में सिविल वर्क अंतिम चरणों में है। गौरतलब है कि सिविल वर्क कार्य पूरा होने के उपरांत आर्ट वर्क का कार्य शहीद स्मारक में प्रारंभ किया जाएगा। बता दें कि 1857 की क्रांति के शहीदों को समर्पित शहीद स्मारक का नर्मिाण किया जीटी रोड पर किया जा रहा है। स्मारक में 63 फुट ऊंचा कमल आकार का मेमोरियल टॉवर आकर्षण का केंद्र है जिसका नर्मिाण कार्य भी अंतिम चरणों में है। मेमोरियल टॉवर के ऊपर जाने का भी यहां प्रावधान होगा। स्मारक में 1857 की क्रांति पहले अंबाला में कैसे शुरू हुई। फिर प्रदेश और देश में कैसे फैली व इसके प्रभाव से जुड़ा इतिहास जीवंत तरीके से प्रदर्शित किया जाएगा।

## आत्मनिर्भर भारत पर कविता रचना प्रतियोगिता



**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में चल रहे एनएसएस कैंप के चौथे दिन की शुरुआत गीत से हुई। कॉलेज प्राचार्या डॉ. इंदु विज ने स्वयंसेविकाओं को लेक्चर के माध्यम से प्रेरित किया कि एनएसएस एक ऐसा माध्यम हैं जिसके द्वारा हमें समाज में अपनी सेवा देना और लोगों के साथ जुड़ने का मौका मिलता हैं। हमें पूरी ईमानदारी के साथ अपना सहयोग देना चाहिए। डॉ कनिष्का कौशिक ने मौखिक स्वच्छता पर व्याख्यान दिया। आत्मनिर्भर भारत पर कविता रचना प्रतियोगिता करवाई गई। नशा मुक्ति अभियान पर स्वयंसेविकाओं द्वारा नुक्कड़ नाटक किया गया। गांव तंदवाली में गुरुद्वारे का दौरा किया गया। इसी के साथ बिना आग के खाना पकाने की प्रतियोगिता में भाग लिया। मौके पर कॉलेज प्रधान दीदार सिंह, डॉ. दलजीत कौर, डॉ. रितु चांदना उपस्थित रही।

## पात्रों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

■ संतोखी व शेरपुर गांव में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा, पूर्व जिप चेयरमैन ने किया ग्रामीणों को संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर



अंबाला। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लोहड़ी मनाते मुख्यअतिथि।

जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र राणा ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ केंद्र व प्रदेश सरकार लोक-समर्थक शासन को बढावा देने के लिए काम कर रही है। इसके लिए विशेष तौर पर योजनाएं बनाकर उन्हें लागू किया गया है। यह विचार जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र राणा ने गांव संतोखी व शेरपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर उन्होंने सभी लोगों को भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि पिछले 9 सालों में अभूतपूर्व कार्य है। समाज में पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विशेष कदम उठाये गए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को मद्देनजर रखते हुए देश भर में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ गांव व शहरी क्षेत्र को कवर कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने गरीबों, युवाओं, किसानों, महिलाओं सहित सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम किया है, खासकर वंचित समुदाय की ओर विशेष तौर पर ध्यान दिया गया है। कहा कि एमएसपी पर सबसे अधिक फसलों की खरीद, मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना, स्वामत्वि योजना, मेरिट पर नौकरी, ई-गवर्नेंस, भावांतर भरपाई योजना, अंत्योदय सरल पोर्टल, पशुधन क्रेडिट कार्ड योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पात्र व्यक्तियों को मिल रहा है। ब्लॉक समिति चेयरपर्सन सुखवंत कौर मौजदू रहे।

## गृहमंत्री अनिल विज ने तय किया रोडमैप

# बाजारों से होकर निकलेगी भव्य श्री राम यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। पार्टी पदाधिकारियों को जरुरी निर्देश देते गृहमंत्री अनिल विज।

गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य पर अंबाला छावनी में आगामी 14 को भव्य श्रीराम यात्रा" का आयोजन किया जाएगा। विज शुक्रवार दोपहर श्रीराम यात्रा" की तैयारियों को लेकर अपने आवास पर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 14 जनवरी को श्रीराम यात्रा प्रात : 11 बजे सुभाष पार्क से पैदल निकाली जाएगी जोकि छावनी के प्रमुख बाजारों से होती हुई वापस सुभाष पार्क पर संपन्न होगी। यात्रा सुभाष पार्क से आउटर लार्ज रोड तक फिर यहां से कबाड़ी बाजार मुड़ते हुए निकलसन रोड पर कड़ी चावल वाले चौक तक, फिर यहां से निकलसन रोड होते हुए हलवाई बाजार तक, हलवाई बाजार से पुरानी सब्जी मंडी हनुमान मार्केट चौक तक, यहां से सब्जी मंडी होते हुए डीसी रोड, फिर डीसी रोड पर मुड़ते हुए सदर बाजार चौक तक जाएगी। इसके उपरांत यात्रा निकलसन रोड से क्रास रोड नंबर एक पंजाबी मोहल्ले तक जाएगी, यहां से यात्रा क्रास रोड नंबर एक से आउटर लार्ज रोड होते हुए वापस सुभाष पार्क के समक्ष संपन्न होगी। यात्रा के दौरान पैदल चलते हुए भक्त भजनों पर रामलला का गुणगान करेंगे। यात्रा में बढ़चढ़ कर शामिल होने के लिए सभी वर्गों से आह्वान किया जाएगा। विज ने कहा कि अयोध्या श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर घरों व बाजारों दीयो व रोशनी से जगमग किया जाए। 22 जनवरी के उपरांत अयोध्या जाने के लिए एसी स्पेशल ट्रेन अंबाला छावनी से अयोध्या तक चलाई जाएगी। ट्रेन में अम्बाला छावनी से हजारों भक्त श्रीराम मंदिर दर्शनों के लिए इस ट्रेन में रवाना होंगे। मौके पर किरणपाल चौहान, विजेंद्र चौहान, बीएस बिंद्रा, संजीव सोनी, श्याम सुंदर अरोड़ा, फकीरचंद सैनी, रामबाबू यादव व नरेंद्र राणा मौजूद रहे।